卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 213 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦10 मई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कमिश्नर ने महिला अस्पताल में मारा छापा

### छापे के दौरान मिली कई खामियां,मरीज बाहर से दवाईया खरीदने को मजबूर

हल्द्वानी(उदसंवाददाता)। कुमाऊ कमिश्नर दीपक रावत द्वारा विभागीय व्यवस्थाओं को सुधारने की कवायद में निरन्तर विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान जिस विभाग में कमियां पायी जा रही है, कमिश्नर द्वारा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की क्लास लेते हुये व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिये जा रहे है। इस क्रम में आज कमिश्नर रावत द्वारा हल्द्वानी के महिला हॉस्पिटल में औचक छापा मारते हुये वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान श्री रावत को अस्पताल में कई खामियां देखने को मिली। अस्पताल में स्टाफ की उपस्थिति को लेकर लगाई गई बायोमेट्रिक खराब पाई गई। इसके साथ ही चिकित्सा स्टाफ द्वारा भी उपस्थिति



रजिस्टर को नियमानुसार नही रखा जा रहा था और उसमें अपनी उपस्थिति भी दर्ज नही की गई थी। जबकि नियमानुसार रोस्टर के हिसाब से उसमें उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ ही मरीजों को भी ऐसी दवाइयां लिखी जा रही थी जो अस्पताल में उपलब्ध नही थी। जिस पर उन्हे मजबूरन बाहर से दवाईया खरीदनी पड़ रही थी। जबकि हॉस्पिटल में जन औषधि केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर सामान्य बीमारियों की दवा जन औषधि केंद्र से ही दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन बाहर से दवाइयां को लिखी जा रही हैं। बाहर से दवाईया लिखे जाने का मामला सिर्फ इसी अस्पताल से ही नही जुड़ा है बल्कि अन्य सरकारी अस्पतालों में भी यही हाल है। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को लिखी जाने वाली अधिकांश दवाईया जन औषधि केन्द्र पर उपलब्ध नही होती है और मरीजों को मजबूरन बाहर से महंगी दवाईया खरीदनी पड़ती है। छापे के दौरान कमिश्नर की जानकारी में आया कि हॉस्पिटल में तैनात डॉक्टर को रामगढ़ के लिये रिलीव कर दिया गया था, लेकिन वह अभी तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं कर पाए और ना ही कुछ उनका पता लग रहा है, जो की बड़ी लापरवाही है।ऐसे में उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब भी किया है।

## महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी को दी श्रद्धांजलि

देहरादून(उद संवाददाता)। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी का निधन होने पर राज्य में शोक की लहर व्याप्त हो गई । बुधवार को सीएम धामी उन्हें श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कीव परिजनों को ढांढस बंधाया। सीएम पुष्कर सिंह धामी वरिष्ठ



राज्य आंदोलनकारी और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने डोभालवाला स्थिति उनके आवास पर पहुंचे। सीएम धामी ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने (शेषपेज सात पर)

## 24 घंटे से धरने पर डटे हरदा

### इकबालपुर में चीनी मिल के बाहर कांग्रेस का धरना जारी

रूड़की (उद संवाददाता)। किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान को लेकर आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ हरदा का हरिद्वार के इकबालपुर में चीनी मिल के बाहर 24 घंटे से धरना प्रर्दशन जारी है। कांग्रेस ने आज हरीश रावत के नेतृत्व में हरिद्वार में गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए हल्ला बोल किया है। बुधवार को भी हरदा के नेतृत्व में कांग्रेस इकबालपुर में





## अवैध स्लाटर हाउस को प्रशासन ने किया सील


गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला अधिकारी के आदेश अनुसार उप जिलाधिकारी के निर्देश में नगर के बीचो बीच अवैध तरीके से चल रहे स्लाटर हाउस को पुलिस व पालिका प्रशासन ने सील कर दिया है। अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के बीचो बीच अवैध तरीके से चल रहे



स्लाटर हाउस की लगातार शिकायतें आ रही थी जिस को संज्ञान में लेकर मंगलवार को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में वार्ड नंबर आठ स्थित (शेष पेज सात पर)

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के टैगोर नगर की निवासी विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार टैगोर नगर निवासी कविता राय (22 वर्ष) पत्नी दिलीप मंगलवार ने प्रात: करीब 11 बजे घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व कविता ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था । उसका डेढ़ बर्ष का बेटा भी कमरे मे था। कमरे के अंदर बच्चे की रोने की (शेष पेज सात पर)



## चोरों ने दीवार तोड़कर खंगाली व्यापारी की दुकान

लालकुआं (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर ही चोरों ने व्यापारी नेता की दुकान की दीवार पीछे तोड़कर हजारों रूपए की नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर लिया । चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। वहीं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल की जिसमें एक युवक चोरी करता साफ दिख रहा है। चोरी की सूचना मिलते ही व्यापार मंडल के लोग भी दुकान पर





पहुच गए । जिन्होंने पुलिस से घटना के जल्द खुलासे की मांग की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र स्थित गांधीनगर वार्ड दो निवासी व्यापारी नेता संजय जोशी की कोतवाली से कुछ ही दूरी पर रेलवे फाटक के पास फोटो स्टूडियो की दुकान है। रोजाना की तरह वह मंगलवार की शाम करीब आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए इस बीच चोरों ने रात में दुकान की दीवार पीछे से तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया आज सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो अंदर का नजारा देखकर वह भौचक्के रहे गए। दुकान में पीछे की दीवार में टूंटी हुई थी और अंदर का अधिकतर सामान गायब था। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। वहीं पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जिसमें एक युवक चोरी करता साफ दिख रहा है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर है।

## लाखों के टायर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

### फर्जी नाम पता बता कर लोगों से करे थे ठगी,सोलह टायर बरामद

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने फर्जी नाम पता बताकर लाखों रुपए कीमत के टायर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को सोलह टायरों सहित गिरफ्तार कर लिया। एस एस पी मंजूनाथ टीसी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 8 मई को मो. जावेद पुत्र रफीक अहमद निवासी वार्ड 20 सिरौली कला द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमे कहा गया था कि 28 अप्रैल को उसकी दुकान स्थित एचपी पेट्रोल पम्प बरेली रोड के सामने सिरौलीकला से राहुल शर्मा व सुलेमान नामक व्यक्ति ने षडयन्त्र रचकर उसके साथ धोखाधड़ी कर फर्जी खाता नम्बर देकर आर टी जी





एस करने की बात बताकर 6 नये टायर हडप कर ले गये। रूपये मांगने पर नहीं दिये। अपना नम्बर भी बन्द कर दिया। जिनका कोई अता पता नहीं चल रहा था। उन्होंने बताया उक्त सन्दर्भ में मो० जावेद की तहरीर के आधार पर थाना पुलभट्टा मे मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण व टायरो की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर व क्षेत्राधिकारी सितारगंज महोदय के निर्देशन में थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीमो व्यक्ति नाम बदल-बदल कर अलग अलग दुकानों से इसी तरह टायर ले जाकर उन्हे औने पौने दामो में ट्रक मालिको का गठन किया गया। जांच के दौरान यह पता चला कि इस गिरोह मे माल के बिकवाने वाला इनका तीसरा साथी मनोज गावा है जो आगे टायरों की सप्लाई और ब्रिकी करवाता है। इसी गिरोह द्वारा 24 मार्च को दरऊ चौक थाना किच्छा व दिनांक 15 अप्रैल को बगवाड़ा भट्टा रुद्रपुर के पास दुकानदारों से इसी तरह ठगी की है। एस एस पी ने बताया गत रात्रि उक्त (शेष पेज सात पर)

# मार्गों से फड़ खोखे और अतिक्रमण हटाने को बनेगा स्क्वार्ड

## आईजी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर लिया निर्णय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ. नीलेश आनन्द भरणे द्वारा परिक्षेत्र कैम्प कार्यालय, हल्द्वानी में नगर की यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक नगर हरबंस सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ. जगदीश चन्द्र, पुलिस उपाधीक्षक यातायात संजय गर्व्याल, यातायात निरीक्षक राकेश मेहरा एवं नगर के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी में सम्मिलित अधिकारियों, यातायात निरीक्षक थाना/चौकी प्रभारियों एवं सीपीयू प्रभारी द्वारा जाम लगने का कारण स्टाफ की कमी एवं प्रत्येक रविवार को प्रतियोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन होना बताया गया। इसके अतिरिक्त सड़क के किनारे फड खोखे, अतिक्रमण आदि को भी बताया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने एवं जाम की स्थिति से निपटने हेतु आईजी डा. भरणे ने निर्देश देते हुए कहा कि डम्पर आदि के संचालन के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है इसलिए रविवार के दिन के समय डम्परों का संचालन प्रतिबन्धित किया जाए। सड़क के किनारे अवैध रूप से लगने वाले ठेलों, फड-खोखों व अतिक्रमण को हटाने के लिए एक स्क्वार्ड तैयार किया जाए। जिसमें यातायात निरीक्षक, सीपीयू कर्मी, संबंधित थाने का पुलिस बल, क्रेन, सीपीयू हाक, नगर निगम द्वारा गठित अतिक्रमण हटाने वालो दस्ता आदि सम्मिलित किया जाए। जिस चौकी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी, उस चौकी का प्रभारी दल का नेतृत्व करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगा। यह कार्यवाही पूर्वान्ह 10 से 12 बजे एवं सांय 5 से 7 बजे के मध्य की जाये। सड़क के किनारे ठेले खोखे आदि में शराब पिलाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित चौकी प्रभारी द्वारा उक्त स्क्वार्ड के साथ सांय 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक चौकी क्षेत्र में अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा पीए सिस्टम



युक्त एक वाहन तैयार किया जाए, जो नियमित रूप से क्षेत्र में घूम कर सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क वाहन, जिनके द्वारा यातायात बाधित होता है, को हटाने के लिए एलाउन्समेन्ट करेगा। बाहर से आने वाले वाहनों जिन्हें नगर में कोई काम नहीं है, को तीनपानी बाई-पास से नरीमन तिराहे एवं इसी प्रकार नरीमन तिराहे से तीनपानी बाईपास को भेजा जाए। इसके लिए दोनों छोरों पर नियमित डियूटी लगाते हुए सूचना पट लगवाया जाए। उन्होंने कहा वाहनों की चौकिंग, सडक के किनारे वाहनों में शराब पीने पिलाने वालों, असामाजिक तत्वों आदि के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संबंधित क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने सर्किल के थानों के पुलिस बल को एकत्रित कर सप्ताह में दो दिन शाम के समय किसी एक थाना क्षेत्र में (ईवनिंग स्टार्म) संयुक्त चौकिग करायी जाए। थाना क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बाधित होने पर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा तत्काल हस्तक्षेप कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। थाने एवं चौकी की कार्य प्रणाली में सुधार लाया जाए, किसी स्तर इस सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। आईजी ने निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, सौदर्यीकरण आदि के सम्बन्ध में थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की कार्यवाही की जानी है तो इस सम्बन्ध में आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाए। जिसके सम्बन्ध में आयुक्त, कुमायूँ मण्डल से पत्राचार किया जायेगा। कैंची धाम एवं नगर नैनीताल की भांति नगर हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु कार्य योजना तैयार कर उसका पालन सुनिश्चित कराया जाए। आदेश के पश्चात तुरंत हरकत में आयी पुलिस इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के द्वारा सड़क के किनारे फड ठेली लगाने वालों का सत्यापन कराया गया।

# टैक्सी में 40 किलो के प्रतिबन्धित कछुवे की तस्करी करता एक गिरफ्तार, साथी हुआ फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान जगदीशपुर मोड़ के पास टैक्सी में कछुए की तस्करी करते एक



तस्कर को 40 किलो से अधिक वजन के एक कछुए के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी फरार हो गया। इस आशय की जानकारी देते हुए एस एस पी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि थानाध्यक्ष दिनेशपुर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा गत दिवस वाहनों की चौकिंग की जा रही थी। मुखबिर से यह सूचना मिलने पर कि कार संख्या यूके 06 टी ए 6148 जो डाबर फैक्ट्री सड़क से जगदीशपुर मोड की ओर आ रही है जिसमे दो व्यक्ति । कछुवा लेकर आ रहे हैं पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जगदीशपुर मोड पर पहुच कर डाबर फैक्ट्री की तरफ से आ रहे उक्त वाहन को रुकने का इशारा किया तो उक्त कार के चालक द्वारा वाहन को रोककर तुरन्त खेतों की तरफ दौड़ लगा दी। जिसका पीछा पुलिस टीम द्वारा किया गया परन्तु धान के खेतो से होते हुए एक व्यक्ति भागने मे सफल रहा तथा वाहन में बैठे दूसरे व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ मे उसने अपना नाम पता मुकेश वाला पुत्र विकास वाला निवासी शक्तिफार्म नम्बर 1 बैकुन्दपुर थाना सितारगंज बताया। कार की तलाशी लेने पर कार के बीच वाली सीट पर जूट के बोरे मे रखा हुआ एक बड़ा कछुवा बरामद हुआ। भागे हुए व्यक्ति का नाम कार चालक महिपाल पुत्र राम स्वरुप निवासी बल्ली थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेला उत्तर प्रदेश बताया गया। बरामद कछुवे का वजन किया गया तो उक्त कछुवे का वजन 40 किलो 500 ग्राम निकला। पुलिस ने बरामद कछुआ कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

# 13 मई को आयोजित होगा बाबा हरदेव सिंह जी को समर्पित समर्पण दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरू बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में 'समर्पण दिवस' आगामी13 मई, दिन शनिवार को सांय 5 से रात्रि 7:00 बजे तक, संत निरंकारी सत्संग भवन गोजाजाली बरेली रोड में किया जायेगा। जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।संत निरंकारी मिशन की प्रेस एंड पब्लिसिटी विभाग कि मेबर इंचार्ज राजकुमारी ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज प्रेम, करूणा, दया और सादगी के जीवंत स्वरूप थे। उनका दिव्य रूप, सर्वप्रिय स्वभाव एवं विशाल अलौकिक सोच सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याणार्थ समर्पित थी। उन्होंने मिशन की बागडोर 36 वर्षो तक सम्भाली और उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मिशन 17 देशों से चलकर विश्व के प्रत्येक महाद्वीप के 60 राष्ट्रों तक पहुंचा। जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर



पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज सेवाओं का आयोजन प्रमुख रहा। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में भी मान्यता प्राप्त हुई। बाबा जी ने मानव मात्र को केवल ब्रह्मज्ञान का ही बोध नहीं करवाया अपितु जन-जन के हृदय में प्रेम की शीतल, निर्मल धारा को भी प्रवाहित किया। साथ ही निरंकारी इंटरनेशनल समागम द्वारा दूर देशों में एकत्व एवं सद्भाव की प्रेरणा देने वाले संदेश को आध्यात्मिकता के माध्यम से भी प्रसारित किया। उन्होंने बताया बाबा जी ने समाज के उत्थान हेतु अनेक परियोजनाओं को भी क्रियान्वित स्वरूप दिया जिनमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, महिला सशक्तिकरण इत्यादि गतिविधियां प्रमुख है।'नफरत की दीवारों को गिराकर प्रेम के पुलों का निर्माण करें' इस तथ्य को विश्व के समक्ष जीवन्त रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने एक नया दृष्टिकोण रखा कि प्रत्येक रेखा जो दो राज्यों या देशों को विभाजित करती है, वास्तव में वह उन राज्यों और देशों को मिलाने वाली रेखा होती है।

# महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी

कालाढूंगी (उद संवाददाता)। यहां नैनीताल रोड से पांच किमी दूर सड़क किनारे एक नाले में महिला का क्षत विक्षत हालत में शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को कालाढूंगी से पांच किमी दूर जंगल से दुर्गंध महसूस हुई। उनके द्वारा आसपास देखने पर सड़क किनारे नाले में क्षत-विक्षत हालत में महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। महिला का शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बहुत से लोग वहां आ पहुंचे। सूचना मिलने पर एसओ नंदन सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाकर कब्जे में लिया तथा उसकी शिनाख्त कराई। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पायी। उन्होंने बताया शव 72 घंटे के लिए मोर्चरी में शिनाख्त को रखा गया है। शव 20 से 25 दिन पुराना होने के कारण गल चुका है। महिला ने नीले रंग की सलवार सूट पहनी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में स्पा सेंटरों और मसाज पार्लरों कर कसेगा शिकंजा

देहरादून। प्रदेश में स्पा सेंटरों और मसाज पार्लरों पर प्रदेश सरकार शिकंजा कसने के लिए जल्द नियामवली बनाएगी। राज्य महिला आयोग की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी है। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में महिला निति सहित कुछ अन्य प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया। आयोग कार्यालय में साल 2023-24 की पहली बैठक हुई। बैठक के दौरान आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि महिला निति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। जिसे जल्द सरकार को सौंपा जाएगा।बैठक में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी कार्य स्थलों पर महिलाओं की शिकायतें के लिए सेक्सुअल हरैसमेंट कमेटी बनाने पर चर्चा हुई। इसके लिए राज्य के सभी जनपदों में विभिन्न स्थानों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महिलाओं को विभिन्न मुद्दों पर कानूनी सहायता और कानूनी जानकारी देने पर भी विचार किया गया। बैठक में तय हुआ की इन प्रस्तावों को शासन स्तर पर उठाया जाएगा।

# जिला स्तरीय समिति की बैठक में गौशाला स्थापना पर मंथन

## एनजीओ को गौशाला स्थापना हेतु सरकारी भूमि लीज पर उपलब्ध करायें

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में निराश्रित गोवंशीय पशुओं को आश्रय मिल सके। इस दृष्टि से गौशाला स्थापना एवं उनके संचालन मे आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौशाला स्थापना एवं उनके सफल संचालन में सहयोग प्रदान किये जाने को लेकर पशुपालन, विकास, नगर निकायों, ग्रामीण निकायों, गौशाला चला रही एनजीओ के संचालकों आदि के साथ विस्तृत चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में ऐसी एनजीओ को चिन्हित किया जाय जो निराश्रित गोवंशीय पशुओं हेतु गौशाला चलाने की इच्छुक हों। इन इच्छुक एनजीओ को जिले के सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए गौशाला स्थापना व संचालन में जो भी संभव हो सके सहयोग प्रदान किया जाय। उन्होंने कहा कि यदि कोई एनजीओ गौशाला स्थापना




हेतु सरकारी भूमि चाहता हो तो उसे लीज पर उपलब्ध करा दी जाय। भूमि का चयन नगर क्षेत्र से बाहर जंगल के समीप किया जाय ताकि गौशाला संचालन में सुविधा रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जो गौशालाएं स्थापित है उनके विस्तार में भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाय। जिलाधिकारी ने सीडीओ को निर्देश दिए कि जनपद में जो गौशाला स्थापित है वहां मनरेगा, उरेडा आदि के माध्यम से गोबर गैस प्लांट की स्थापना एवं खाद निर्माण आदि कार्यों हेतु आवश्यक उपकरण व सहयोग प्रदान किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से इस दिशा में कार्य करें कि जनपद की सड़कों में निराश्रित गोवंशीय पशु घूमते हुए न दिखायी दें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी योगेश भारद्वाज ने बताया कि जनपद में तीन गौशालाएं संचालित हो रही हैं जो पिथौरागढ़ के बढ़ावे, डीडीहाट एवं धारचूला में हैं। बढ़ावे स्थित गोशाला में लगभग एक सौ, डीडीहाट में 50 एवं धारचूला में 40 गोवंशीय पशु हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में निराश्रित गोवंशीय पशुओं की संख्या लगभग 600 होने का अनुमान है।बीबैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी योगेश भारद्वाज, नगर व ग्रामीण निकायों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सीएम ने किया ऑटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय से परिवहन विभाग द्वारा तैयार किए गए ऑटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकग्निशन सिस्टम (ए.एन.पी.आर) का शुभारंभ किया। इससे प्रदेश के प्रमुख मार्गों में यातायात के नियमों के अनुपालन एवं कर अपवंचन संबंधी प्रकरणों में ऑनलाइन मॉनिटरिंग की सुविधा होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यातायात के नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा की दृष्टि से यह एक अच्छी शुरूआत है। ए.एन.पी.आर कैमरे लगने से लोग यातायात के नियमों का पालन करेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि ए.एन.पी.



आर कैमरे के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस कैमरे में अभी शुरूआती चरण में जो लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, उनको चेतावनी के एस.एम.एस भेजे जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ए.एन.पी.आर कैमरे लगाने की जहां भी आवश्यकता पड़ रही है उन स्थानों का चयन कर वहां इसकी सुविधा उपलब्ध करायी जाए। इस अवसर पर सचिव परिवहन श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रमुख वन संरक्षक श्री अनूप मलिक, आयुक्त राज्य कर डॉ. अहमद इकबाल, निदेशक आईटीडीए श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं सबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# गन्ना किसानो के समर्थन में रुद्रपुर के कांग्रेसियों ने इकबालपुर प्रदर्शन में किया कूच

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गन्ना किसानो के बकाया भुगतान की मांग को लेकर रुड़की के इकबालपुर स्थित चीनी मिल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित 24 घंटे के धरना प्रदर्शन में रुद्रपुर से भी कांग्रेसियों ने पहुचकर धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिया और सरकार मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में भागीदारी की।धरना प्रदर्शन में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरी और किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं कर पा रहा है महंगाई से पहले ही जीना मुहाल है ऊपर से बकाया भुगतान नहीं होना किसानों को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है भाजपा की प्रदेश के साथ-साथ केंद्र में भी सरकार है लेकिन डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है महंगाई




के खिलाफ गुबार निकाला।कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा की अगुवाई में रुद्रपुर से महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा, महामंत्री पवन वर्मा,राजू भुसरी,पार्षद मोहन खेड़ा सहित तमाम कांग्रेसी इकबालपुर पहुचें और किसानों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं पूर्व शीघ्र करने की पुरजोर मांग की विशाल धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कहा भाजपा सरकार गूंगी और बहरी हो चुकी है अन्नदाता किसानों का करोड़ों का बकाया भुगतान नहीं हो पा रहा है जिसके चलते किसान भाजपा सरकार में त्राहि-त्राहि करने को मजबूर है बकाया भुगतान नहीं होने से किसान फसलों की बुवाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी से जनता का जीना दो बार हो चुका है धरना स्थल पर आयोजित जनसभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कहा की कॉन्ग्रेस किसानों के हितों के लिए बड़े से बड़ा आंदोलन चलाने के लिए तैयार है जल्द ही किसानों का बकाया भुगतान नहीं हुआ तो प्रदेश भर में सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा।

# रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन

पंतनगर(उद संवाददाता)। तथ्य कई है लेकिन सच एक ही है अविस्मरणीय व्यक्तित्व गुरुदेव श्री रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती मनाई गई। गत दिवससामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिवार संसाधन प्रबंध विभाग के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा एशिया एवं भारत की साहित्य विषय में प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता भारत रत्न गुरुदेव श्री रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती का कार्यक्रम डॉ छाया शुक्ला के संयोजन में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जय भारत एडीएम उधम सिंह नगर, कुलसचिव डॉ दीपा विनय, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं कुलसचिव तथा वर्तमान में प्राध्यापक सांख्यिकी डॉ एके शुक्ला, महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिठात्री डॉ अनुराधा दत्ता आदि ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी के महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके जीवन यात्रा को दर्शाते हुए एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। पंतनगर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हुए विद्यालय विद्यार्थियों द्वारा श्री रविंद्र नाथ टैगोर जी पर अपने विचार तथा उनकी कविताएं प्रस्तुत की गई। विद्यालय विद्यार्थियों के मध्य गुरुदेव के जीवन पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। गुरुदेव का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए



अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक रहा है। डॉ शुक्ला द्वारा अपने वृहद 45 वर्षों के शैक्षणिक अनुभवों को उपस्थित जनमानस के साथ साझा करते हुए वर्तमान समय के उभरते शिक्षकों को अच्छा शिक्षक बनाने का मूल मंत्र प्रदान किया। स्वयं को वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप ढालना अत्यंत आवश्यक है किंतु इस प्रक्रिया में हमारे सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का समाहित रहना भी सशक्त समाज निर्माण की नींव डालता है। इस कार्यक्रम में जीजीआईसी पंतनगर, कंपस स्कूल पंतनगर, सरस्वती शिशु मंदिर पंतनगर, बाल इंडियन जूनियर हाई स्कूल पंतनगर तथा दून अकैडमी जवाहर नगर के शिक्षक बंधु वृंद एवं उनके विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर वस्त्र एवं परिधान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शहनाज जहान, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा गहलोत, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अदिति वत्स, गृह विज्ञान प्रसार विभाग की प्रभारी डॉ अनुपमा पांडे, डॉ. साक्षी, डॉ. अनीता, डॉ. शेफाली, डॉ सोनू रानी, डॉ. पूजा टम्टा डॉ.दिव्या सिंह, श्री टी ए खस्तगीर सहित अनेक गणमान्य शिक्षक बंधुओं ने रविंद्र नाथ टैगोर जी की जयंती समारोह में सहभागिता कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम आयोजन में इवेंट मैनेजर अमन सिद्धकी, को-इवेंट मैनेजर योगेश पंत, सहित शिवानी, अनुष्का, हेमलता, रोशनी, रतलावत संगीता, विशाल, विवेक, हर्षित, कविता, अवनीत तथा दिव्या कर्नाटक रहे।

# लोक अदालत के आयोजन हेतु 22 बैंचों का गठन किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कुल 22 बैंचों का गठन किया गया है। यह जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिन कुमार पाठक ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के निर्देशानुसार 13 मई बरोज द्वितीय शनिवार को जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रत्येक तहसील न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कुल 22 बैंचों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बैंच में एक न्यायिक अधिकारी को पीठासीन अधिकारी तथा एक अधिवक्ता को सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित बैंचों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत वादों का निस्तारण किया जायेगा और इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन जो मामले जो अभी न्यायालय में नहीं हैं, जिसमें विद्युत, जलकर, बैंक, इश्यारेंस कम्पनीय इत्यादि से संबंधित मामले भी राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाये जायेंगे।श्री पाठक ने जिले की आम जनता से अनुरोध किया है कि जो भी व्यक्ति अपने लम्बित मामले जैसे- शमनीय, आपराधिक, चौक बाउंस, वैवाहिक मामले इत्यादि राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराना चाहता है व्यक्तिगत रूप से स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा अपने मामलें को निस्तारित करवा सकते हैं।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन लोगों को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।गत दिवस लालपुर चौकी क्षेत्र मै अवैध असलाह से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशो से एक अदद तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। कोतवाली परिशर मै प्रेस वार्ता मैं घटना का खुलाशा करते हुए एडिसनल एसपी मनोज कुमार



कत्याल ने बताया की आठ मई को लालपुर हाई वे पर फायरिंग की घटना हुई थी। जिसमें राजेंद्र उर्फ मोनू पुत्र निशान सिंह ने तीन लोगों को नामजद किया था। जो तब से फरार चल रहे थे।पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर लगे सीसी कैमरे की मदद से अभियक्तों की शिनाख्त की ओर धड़ पकड़ शुरू की। ओर अभियक्तो को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र एवम फायरिंग करने वालें अभियुक्त मनप्रीत, करन दीप, सागर उर्फ विवेक के बीच पुरानी रंजिश भी सामने आई है।

# वेयर हाउस के बाहर लगे उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी युगल किशोर पंत ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो, अलार्म व सीसी टीवी कैमरों को



भी चौक किया। उन्होंने सुरक्षात्मक एवं निगरानी की दृष्टि से वेयर हाउस के बाहर लगे उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी, प्रशासनीक अधिकारी मोहन सिंह कोरंगा सहित ड्यूटी प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# सारथी फाउंडेशन ने तुलसा जी के पौधे बांटे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम सेवा मण्डल द्वारा आदर्श कालोनी मे श्री खाटू श्याम जी



का संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे सारथी फाउंडेशन द्वारा संकीर्तन मे आए सहयोगकर्ताओं को व सेवा में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को तुलसा जी का पौधा भेट स्वरुप दिया गया। संकीर्तन मे आए गायक संचू मनोचा ने कहा कि जिस प्रकार दिन प्रतिदिन प्रदूषण बढ़ता जा रहा है हमारा फर्ज बनता है कि हम सभी को एक एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होने सारथी फाउंडेशन की प्रशंशा करते हुए कहा कि सारथी फाउंडेशन काफी समय से पर्यावरण को लेकर काफी सक्रिय है व सामाजिक व धार्मिक कार्यों मे भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती है जिसके लिए वह बधाई की पात्र है। फाउंडेशन अध्यक्ष सचिन आनन्द ने कहा कि हमारा फर्ज सिर्फ पौधा लगाना ही नहीं है उसको जीवित रखना भी है। जिस प्रकार हम छोटे बच्चे का ख्याल रखते हैं उसी प्रकार हमे पौधे का भी ख्याल रखना चाहिए। इस दौरान श्रीमति शालिनि शर्मा पांडे, अमित कुमार, पवन दुआ, मनोज अरोरा, पार्षद रंजीत सिंह, सुमित आनन्द, लीजा आनन्द,संदीप कुमार, सोनू, वैभव भुड्डी, लक्की जुनेजा आदि उपस्थित थे।

# अपना भविष्य कैसे सवारे पर काउंसलिंग का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्राओं को आसरा ट्रस्ट के माध्यम से आईडीसी द्वारा बच्चों की कैरियर काउंसलिंग की गई आयोजित की गई काउंसलिंग में बताया गया कि बच्चे अपने भविष्य में किस कोर्स को लेकर अपना भविष्य बना सकते हैं जिसके लिए सबसे पहले समूह में बच्चों का पेपर कराया गया



,उसके बाद हर एक छात्रा से कैरियर को लेकर काउंसलिंग की गई, जिसमें आईडीसी के ज्योति बंसल मैम एवं शमशेर जी आदि मौजूद थे इस काउंसलिंग में बच्चों को विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारियां दी गई, जैसे विज्ञान आर्ट्स एवं वोकेशनल आदि कोर्स करके अपने भविष्य को संवार सकते हैं। विगत 3 दिन से कैरियर काउंसिलिंग में अभी तक 90 बच्चों की काउंसिलिंग हो चुकी है। इस काउंसिलिंग से बच्चे को अपने करियर को लेकर जो भी बाधाएं आ रही थी उनका समाधान किया गया। इस काउंसलिंग से बच्चे बहुत संतुष्ट है। काउंसलिंग के सेशन में आसरा ट्रस्ट की मेंटर विनीता और सुरभि ने पूर्ण सहयोग किया जिनके द्वारा भविष्य कैसे सवारे प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु स्कॉलरशिप के लिए फार्म भी भरवाए गए। इस दौरान सुमाइला, नैना, मिनाज,मुस्कान,निकिता आदि सहित तमाम बालिकाएं शामिल रही।

# भ्रष्टाचार उन्मूलन में निभानी होगी अग्रणी भूमिका : कोविंद

## राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में आयोजित 'विपश्यना' शिविर कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति ने किया प्रतिभाग

देहरादून (उद संवाददाता)। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री तो आप सभी अधिकारी में देश के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में होंगे। स्वर्णिम भारत के निर्माण के लिए आधुनिक और सेवा परक सोच के साथ काम करना का पालन करने का समय सेवानिवृत्ति के बाद का समय होता अथवा इन पद्धतियों की उपयोगिता सन्यासी जीवन जीने वालों के लिए होती है। लेकिन योग क्रियाओं को में पारदर्शिता, निष्पक्षता और लोगों को संतुष्ट करने की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) चुनौतियां व परिस्थितियां आएगी जिसे वे अपने आत्मानुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति से उसके समाधान खोजें। राज्यपाल ने कहा कि एक लोक सेवक उन्मूलन और लोगों के जीवन को सरल बनाने में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर श्री प्रवीण भल्ला ने विपश्यना पर





राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित 'विपश्यना' शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। 2022 बैच के प्रशिक्षु, अधिकारियों के फेज-1 प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 दिवसीय 'विपश्यना' शिविर के अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को संबोधित किया।अपने संबोधन में श्री कोविंद ने कहा कि 2047 में जब देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष मना रहा होगा होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध चल रहे राष्ट्रीय अभियान में आप सभी को अग्रणी भूमिका निभानी है। भ्रष्टाचार उन्मूलन में योगदान देने और देश तथा समाज में नैतिकता पर आधारित व्यवस्था को आगे बढ़ाने में विपश्यना जैसी पद्धतियां उपयोगी सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि समाज में सामान्यत ऐसी अवधारणा बनी है कि योग व ध्यान क्रियाओं जब सरल व आम भाषा में सिखाया गया तो उसके लाभ का अनुभव होने लगा और समय के साथ-साथ आज योग न केवल भारत में बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में हम सभी की जीवन क्रियाओं का हिस्सा हो गया है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको सुसंस्कृत व लोकोपयोगी जीवन जीने का लक्ष्य रखना होगा। अपने कार्यों ने कहा कि विपश्यना ध्यान प्रक्रिया से प्रशिक्षु अधिकारियों को परिचित कराना एक अच्छी पहल है, यह उनके आत्मावलोकन में लाभप्रद साबित होगा। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने अंतर्मन को नियंत्रित कर लें, तो हम अपने बाहरी कार्यों को भी नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड में प्रशिक्षु अधिकारियों के सम्मुख अनेक प्रकार की के रूप में आपको प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को सुनने की क्षमता का विकास करना होगा। किसी की समस्या को सुनने से उस समस्या के समाधान के रास्ते मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की क्षमताओं को विकसित करने के लिए योग व ध्यान जैसी पद्धतियां कारगर साबित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि लोक सेवकों को भ्रष्टाचार अपना प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी ने भी अपने विचार प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ साझा किए। अकादमी के निदेशक श्री श्रीनिवास आर. कटिकिथाला ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अकादमी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री हैल्पलाईन पोर्टल का हुआ वर्चुअल शुभारम्भ

## अब 24 घंटे सीएम हेल्पलाइन 1905 पर मदद लिये जाने के साथ शिकायत भी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1905 के नये प्रारूप का शुभारंभ किया। सीएम हैल्प लाईन 1905 के नये वर्जन में 1905 डायल करने के अलावा वेब पोर्टल, मोबाइल एप एवं ऑडियो कॉल रिकॉर्डिंग फीचर की सुविधा भी दी गई है। अब 24 घंटे सीएम हेल्पलाइन 1905 पर मदद लिये जाने के साथ शिकायत भी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन 1905 की विभागों द्वारा माह में दो बार समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में इसकी स्वयं समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1905 से लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाय। यह सुनिश्चित किया जाए कि जन समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए बनाये गये इस हेल्पलाईन का लाभ आमजन को मिले। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस हमारा उत्तरदायित्व है। सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि का जो सरकार का उद्देश्य है, उसमें सीएम हेल्पलाइन 1905 महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए जन समस्याओं का जिस स्तर पर समाधान होना है, उस स्तर पर ही समाधान हो



जाए। तहसील स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान हो सकता है, वे अनावश्यक जिलाधिकारी तक न आये और जिन समस्याओं का समाधान जनपद स्तर पर वो शासन स्तर तक न आये। जिस स्तर पर समस्याओं का समाधान होना है, यदि नहीं हो रहा है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त एप 1064 को और सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं तहसील दिवसों का नियमित आयोजन किया जाय। जनपद स्तर पर भी जिलाधिकारी प्रतिमाह जनसुनवाई करें। उन्होंने ने निर्देश दिये कि प्रत्येक माह के पहले एवं तीसरे मंगलवार को तहसील जन समर्पण दिवस का आयोजन किया जाए एवं चौथे मंगलवार को जनपद में जिलाधिकारी जन समर्पण दिवस लगाकर जन समस्याओं का समाधान करें। सभी जन समस्याओं एवं जन शिकायतों को ऑनलाईन रजिस्टर किया जाए। जिन लोगों की समस्याओं का समाधान तहसील एवं जनपद स्तर पर नहीं हो पायेगा, उन समस्याओं को ही मुख्यमंत्री कार्यालय को संदर्भित किया जायेगा।बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री एल. फैनई, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, श्री शैलेश बगोली, श्री दिलीप जावलकर, श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, श्री बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम, श्री विनोद रतूड़ी, निदेशक आईडीटीए श्रीमती नितिका खण्डेलवाल एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे, सभी जिलाधिकारी वर्चुवल माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

# कनाडा भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला पटियाला से गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामनगर थाना पुलिस एवं साइबर सैल की संयुक्त टीम ने नौकरी के लिए कनाडा भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपए की धोखाधड़ी कर फरार हुए आरोपी को पटियाला पंजाब से भेजा गया है। मामले में फरार चल रहे अभियुक्त अमरजीत को तत्काल गिरफ्तार करने को अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गयी। टीम द्वारा साइबर सैल हल्दवानी



गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 18.01.2022 को वादी रमेश कम्बोज निवासी छोई रामनगर ने कोतवाली हल्द्वानी में तहरीर दी गई कि थी उनके साथ कनाडा विदेश भेजने के नाम पर 53 लाख की ठगी की गयी है। जिस सम्बन्ध में कोतवाली रामनगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एलएस मामले में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल की मदद से फरार अभियुक्त अमरजीत सिहं पुत्र मान सिहं निवासी ग्राम होठिया तहसील खंडूर साहिब तरनतारण पंजाब को राजपुरा पटियाला पंजाब से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर, अनीस अहमद व. उ.नि. कोतवाली रामनगर, उनि जोगा सिहं, हे. कानि अनिल कुमार, कानि. अरविन्द कुमार साईबर सैल शामिल थे।

# आज मंगलवार है ,महावीर का वार है

## चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री बालाजीमहाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे काआयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे काप्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी कीआरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी काभक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजनसुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वादप्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने जब कोई नहीं आता हनुमानआते है, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने अंजनीका लाल रे भक्तों का रखवाला रे, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिये, विशाल मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, जयप्रकाश गर्ग ने बजरंग बाला जपू तेरी माला, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना है, हिम्मतराम गुप्ता ने जय हो तुम्हारीबजरंग बली, सुनील कुमार ने बड़े अरमान ले बाबा तेरे दरबार आया हूँ, दीपु सैनी ने जो भी आया तेरे द्वार, राजपाल ने दुनिया में देवहजारो है बजरंग बली का क्या कहना, वैभव गगनेजा ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोट वाला, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबाका चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बाबा सबकी सुनती है सुनेंगे मेरी भी, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम, पंडित शुभम्शर्मा ने छायी काली घटाये तो क्या, मानसिंह कोरंगा ने बाबा मन में बसों तुम ऐसे, गुरमेल सिंह ने हे बालरूप हनुमंता, अंकित शर्मा नेसीताराम सीताराम सीताराम कहिये, तुषार गर्ग ने मनवा होजा दीवाना रे भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबाका पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा,



बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, हरीशकुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, मदन लाल खन्ना, नितिन रस्तोगी, सुरेशमित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, ललित गोयल, सुमित बब्बर, विजय सक्सेना, अंश अरोरा, भारत शर्मा, सोनू कक्के, रवींद्र चौहान, विशाम्बर दयाल, अक्षत शर्मा, ओमप्रकाश नागपाल, डी के ातहमजप, सोनू कोली, अनिल कोली, शिवनारायण मिश्रा, परमजीत सिंह, दीपक बत्रा एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।



₹18000 तक की बचत
28% GST का लाभ
0% फाइनेंस उपलब्ध
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
3 घंटे में फ्री डिलीवरी / इंस्टालेशन
0% फाइनेंस उपलब्ध
Free इंस्टालेशन
Budget Ac
VOLTAS WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1990
HITACHI WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2490
BLUE STAR WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2299
LLOYD WINDOW AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1666
Premium Split Ac
LLOYD SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2875
HITACHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3125
BLUE STAR SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2959
HAIER SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2792
Mid-Range Split Ac
GODREJ SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2709
VOLTAS SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 2792
WHIRPOOL SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3311
SAMSUNG SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1990
Easy EMI Options Available
IndusInd Bank
Standard Chartered
YES BANK
citi
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
Bank of Baroda
Heavy-Duty Split Ac
DAIKIN SPLIT INVERTER AC 1.5T 4 STAR EMI - ₹ 3125
AMSTRAD SPLIT AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 1917
GENERAL SPLIT INVERTER AC 1.5T 5 STAR EMI - ₹ 4041
MITSUBISHI SPLIT INVERTER AC 1.5T 3 STAR EMI - ₹ 3292
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
DAIKIN
innovating for change
pure cooling
VOLTAS
VOLTAS · beko
Coolest Summer Offer
First time ever
ASSURED CASHBACK
Available on non-EMI and cash-based transactions with pine labs
Exclusively on the Pine Labs PoS.
AMSTRAD
Smart heavy duty cooling at 60° temperature
NEXT GENERATION
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
MRP- ₹19,000/- OFFER- ₹11,990/-
MRP- ₹19,500/- OFFER- ₹13,990/-
MRP- ₹13,000/- OFFER- ₹9,990/-
MRP- ₹19,000/- OFFER- ₹13,990/-
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Haier
SAMSUNG
Inverter Frost Free
SIDE BY SIDE
Refrigerator
Starting Price
₹ 69,990/-
VOLTAS
SIDE BY SIDE
Refrigerator
Starting Price
₹ 59,990/-
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
MRP- ₹14,990/- OFFER- ₹12,490/-
STROM 70XL SYMPHONY AIR COOLER EMI- ₹ 1040
THAR 80 TOMASHI AIR COOLER EMI- ₹ 1375
RACER 80 USHA AIR COOLER EMI- ₹ 958
JETMAX 54 VOLTAS AIR COOLER EMI- ₹ 958
DA60EMA BLUESTAR AIR COOLER EMI- ₹ 1040
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
MRP- ₹41,450/- OFFER- ₹24490/-
MRP- ₹30,990/- OFFER- ₹23,490/-
MRP- ₹41,990/- OFFER- ₹23,490/-
MRP- ₹34,300/- OFFER- ₹24,490/-
330 LTR BLUESTAR DEEP FREEZER EMI- ₹ 1990
320 LTR HAIER DEEP FREEZER EMI- ₹ 1955
320 LTR VOLTAS DEEP FREEZER EMI- ₹ 1955
325 LTR GODREJ DEEP FREEZER EMI- ₹ 2040
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road
+91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704
MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735
DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
SONY
Whirlpool
SAMSUNG
IFB
Haier
BOSCH
VOLTAS
DAIKIN
HITACHI
MITSUBISHI ELECTRIC
GENERAL
LLOYD
BLUE STAR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## प्रदूषण पर नियंत्रण

भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाले वाहनों पर रोक लगा देनी चाहिए। महानगरों में बढ़ते वायु प्रदूषण और उससे पैदा होने वाली परेशानियों के मद्देनजर वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने की सलाह लंबे समय से दी जाती रही है। अब तो जलवायु संकट से पार पाने के लिए तमाम देशों पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती का दबाव है। इसलिए भी पेट्रोल-डीजल जेसे जीवाश्म ईंधन की जगह बिजली और सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहनों को प्रोत्साहन देने पर जोर है। ऐसे में भारतीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने सुझाव दिया है कि दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाले वाहनों पर रोक लगा देनी चाहिए। अगले बारह सालों में आंतरिक दहन वाले इंजन से चलने वाले दुपहिया और तिपहिया वाहनों को भी बंद कर देना चाहिए। अगले दस सालों में शहरी क्षेत्रों में एक भी डीजल चालित वाहन नहीं होना चाहिए।हालांकि मंत्रालय ने वाहनों के संचालन से संबंधित अपनी यह रिपोर्ट फरवरी में ही सौंप दी थी। अब इन सुझावों पर सरकार किस तरह अमल करती है, देखने की बात है। यह छिपी बात नहीं है कि डीजल से चलने वाले भारी वाहनों की वजह से शहरों की आबोहवा सबसे अधिक खराब होती है। उसके बाद दुपहिया वाहन वायु प्रदूषण फैलाने का बड़ा जरिया साबित होते हैं। अगर इन पर नियंत्रण कर लिया गया, तो निस्संदेह काफी हद तक कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है।शहरों में डीजल से चलने वाले निजी वाहनों पर रोक लगाने का सुझाव पुराना है। मगर हकीकत यह है कि आजकल जिस तरह बड़े वाहनों का आकर्षण बढ़ रहा है, उसमें डीजल से चलने वाली गाड़ियों का निर्माण भारी संख्या में होने लगा है। फिर सार्वजनिक वाहनों के रूप में बसों और माल ढुलाई के लिए उपयोग होने वाले भारी ट्रकों की वजह से भी वायु प्रदूषण की दर पर काबू पाना कठिन बना हुआ है।हालांकि महानगरों में मालवाहक वाहनों का प्रवेश निश्चित समय के लिए ही खुला रखा जाता है, फिर बाहर से आने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश करने के बजाय बाहरी मार्गों से निकाल दिया जाता है, फिर भी वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज नहीं हो पाता। भारत के कुछ शहर दुनिया के कुछ सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार हैं। ऐसे में विद्युत चालित वाहनों के चलन पर जोर दिया जा रहा है। पेट्रोल और डीजल में एथेनाल आदि मिला कर कार्बन उत्सर्जन पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। मगर इन उपायों का भी कोई उल्लेखनीय प्रभाव नजर नहीं आता।वायु गुणवत्ता में सुधार बड़ी चुनौती है और इससे पार पाने के लिए कुछ कठोर कदम उठाने को बुरा नहीं कहा जा सकता। मगर पहले वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करना बहुत जरूरी है। आजकल वाहन हर किसी की जरूरत बन चुके हैं। दुपहिया वाहन सामान्य आयवर्ग के लोगों के लिए जरूरी साधन हैं। ऐसे में उन्हें एकदम से खत्म करना बड़ी असुविधा पैदा कर सकता है। हालांकि बैट्री से चलने वाले दुपहिया वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, मगर अभी उनके लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं और उनका उपयोग उस तरह लंबी दूरी के लिए नहीं किया जा सकता, जिस तरह जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों का किया जाता है। अब कारें भी विद्युत चालित आने लगी हैं, पर उनके सामने भी वही समस्या है। सार्वजनिक वाहन और मालवाहकों में डीजल की जगह कैसा इंजन लगाया जाएगा, जो भारी वजन उठा सके, यह देखने की बात है।

# सीएम धामी से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को समझने के लिए आम लोगों से जुड़ने की प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की। मुख्यमंत्री



ने कहा कि हम उत्तराखण्ड के सतत् और सर्वांगीण विकास का विकल्प रहित संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं और इस संकल्प को समयबद्ध अवधि में निश्चित ही सिद्ध करने का हमारा प्रयास है। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर सुश्री छवि भारद्वाज, असिस्टेंट डायरेक्टर (लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी) सुश्री एकता उनियाल, प्रशिक्षु आई.ए.एस. सुश्री दीक्षा जोशी, श्री अर्पित चौहान, श्री प्रियांशु खाती एवं श्री मुकुल बेनिवाल उपस्थित थे।

# अपणों स्कूल, अपणू प्रमाण पहल की हुई सराहना

बागेश्वर। उत्तराखंड सरकार ने "अपणों स्कूल, अपणू प्रमाण" पहल की शुरुआत करते हुए कक्षा 11वीं व 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए स्थायी निवास, आय-जाति व अन्य आवश्यक प्रमाण-पत्र विद्यालय में बनाए जाने का निर्णय लियाहै, जिससे प्रदेश के छात्रों को अनावश्यक कार्यालयों और कॉमन सर्विस सेंटर के चक्कर नही काटने पड़ेंगे, साथ ही इसके लिए अनावश्यक भागदौड़ के बजाय विद्यालय में ही सभी प्रकार की सुविधाएं मिल पाएगी, भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता बलवंत सिंह टँगड़िया ने छात्रों की सुविधा के लिए चलाई जा रही योजना को छात्रों के लिए वरदान बताया, वहीं योजना से छात्रों को समय से विद्यालय में सारी सुविधाएं मिलने से अनावश्यक जिला मुख्यालय के चक्कर काटने से भी मुक्ति मिलेगी, वही समय से अपने प्रमाण पत्र नही बन पाने की चिंता से भी मुक्ति मिलेगी, वही छात्रों के बौद्धिक क्षमता में भी व्रद्धि होगी, प्रदेश प्रवक्ता टँगड़िया ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को जनहित के लिए निर्णय लेने वाला धाकड मुख्यमंत्री बताया, वही योजना संचालित होने के बाद छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए सहायक बताते हुए उनका आभार जताया।

# बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर किया जा रहा धर्म परिवर्तन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हाथीबड़कला स्थित सेंट्रियो मॉल में सपरिवार द केरला स्टोरी फिल्म देखी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें दिखाया गया है कि कैसे बिना गोली और बम के देश में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म में इस तथ्य को भी प्रदर्शित किया गया है कि किस तरह से बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर ध



र्म परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने इस फिल्म को वास्तविकता से परिचित कराने तथा धर्मान्तरण एवं आतंकवाद के विरूद्ध जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाली बताया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचन्द अग्रवाल, श्री गणेश जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री श्री अजेय कुमार ,मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री दुर्गेश्वर लाल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी आदि उपस्थित थे।

# केंटर ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

महुआखेड़ागंज। काशीपुर की ओर से आ रहे केंटर ने साइकिल सवार व्यक्ति को पीछे से टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल सवार व्यक्ति सड़क पर जाकर गिर पड़ा ओर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को लोगों ने आनन फानन में अस्पताल पहुँचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार असलम (42) पुत्र अफजल निवासी वार्ड नं 7 मोहल्ला जामा मस्जिद ग्राम महुआखेड़ागंज रोज की तरह आज बुधवार को भी अपने घर से सुबह काम पर चला था कि अचानक काशीपुर- अलीगंज मार्ग पर ग्राम बाँसखेड़ा स्थित फ्लाईओवर के नीचे हाइवे पर केंटर संख्या- न्ङ-21ब्छ-5585 ने उसकी साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर जबरदस्त लगने से वह सड़क पर साइकिल संग नीचे गिर गया और लहूलुहान हो गया घटना होते देख आसपास के ग्रामीणों ने निजी वाहन की मदद से केवीआर अस्पताल पहुँचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार जारी है समाचार लिख जाने तक केंटर चालक केंटर छोड़कर फरार हो गया फिलहाल केंटर को पैगा चौकी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# नवजात की मौत पर स्वास्थ्य मंत्री ने दिये जांच के आदेश

अल्मोड़ा। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग करेंगे अलग-अलग जांचदेहरादूनअल्मोड़ा में सरकारी अस्पताल से रेफर नवजात की हायर सेंटर ले जाते समय हुई मौत के प्रकरण को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने इस मामले में परिजनों को सख्त कार्रवाई का भरोसा देते हुये स्वास्थ्य महानिदेशक एवं जिलाधिकारी अल्मोड़ा को प्रकरण की जांच के आदेश दिये हैं, डॉ. रावत ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य महानिदेशक से एक सप्ताह के भीतर प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट मांगी हैअल्मोड़ा जिला के फलसीमा निवासी आरती आर्या के नवजात शिशु की मौत का संज्ञान लेते हुये सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने इसे दु:खद घटना बताया है। मीडिया को जारी बयान में डॉ. रावत ने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये जिलाधिकारी व विभागीय स्तर पर अलग-अलग जांच कराई जायेगी। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। सूबे में इस तरह की घटना को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य महानिदेशक को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिये गये हैं। रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो तथा अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज के उपचार में लापरवाही न हो सके

# सीएम से मिले गुरूद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज सचिवालय में गुरूद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने भेंट कर इस वर्ष आरम्भ हो रही श्री हेमकुंट साहिब यात्रा के पहले



जत्थे को रवाना करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने सभी को हेमकुंट साहिब यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्रा मार्ग पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान अध्यक्ष गुरूद्वारा श्री हेमकुंट साहिब श्री सिंह ने यात्रियों की सुविधा हेतु राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं हेतु मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# सब्जी मार्केट से युवती लापता


काशीपुर(उद संवाददाता)। सब्जी मार्केट के लिए निकली एक युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर करबला रोड सिद्दीकी मैरिज हॉल के समीप मोहल्ला अल्ली खां निवासी मुस्कान 18 वर्ष पुत्री अली जौहर बीते 8 मई को सुबह लगभग 11:00 बजे घर से सब्जी लेने के लिए मार्केट की ओर निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। काफी देर तक घर वापस ना होने पर युवती के परिजनों को इसकी चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित स्थानों पर युवती की तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। अंतत: गाय ब्यूटी के परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया।

# 20 वर्षो से फरार धोखाधड़ी के वांछित को देहरादून से दबोचा

काशीपुर। पिछले 20 वर्षों के करीब से धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक मुखर्जी नगर माता मंदिर रोड काशीपुर निवासी संजय कुमार अग्रवाल पुत्र प्रेमचंद्र अग्रवाल के खिलाफ वर्ष 2003 में धारा 420, 467, 468 आईपीसी के अंतर्गत धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला पुलिस द्वारा पंजीकृत किया गया था। इसी के बाद से अभियुक्त कानून की आंख में धूल झोंक कर फरार चल रहा था। कोर्ट से उसके खिलाफ कुर्की वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने सूचना के आधार पर फरार वांछित को देहरादून से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# सही जिंदगी जीने के लिए जीवन मे ईमानदारी चाहिए: आचार्य प्रशान्त

ग्रेटर नोएडा(उद ब्यूरो)। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान कृष्ण द्वारा रण भूमि में अर्जुन को उपदेश दिए गए हैं वह जीवन की एक सीख है। अगर उन



बातों को जीवन मे अपना लिया जाय तो कभी भी हार नही हो सकती ,सही जीवन जीना ही अध्यात्म है वही मुक्ति का माध्यम भी है हम अपने बचाव के लिए झूठे तर्क,कल्पनाएं, मान्यतायें किस्से कहानियां गढ़ लेते है यही दुख का कारण भी बनते हैं।प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने बोधस्थल में आयोजित गीता सत्र में श्रीमद्भागवत गीता की गहराई से व्याख्या की उन्होंने कहा कि गीता की बातें मनुष्य को सही तरह से जीवन जीने का रास्ता दिखाती हैं। गीता के उपदेश हमें धर्म के मार्ग पर चलते हुए निष्काम कर्म करने की शिक्षा देते हैं। महाभारत में युद्ध भूमि में खड़े अर्जुन और कृष्ण के बीच के संवाद से हर मनुष्य को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अर्जुन युद्ध भूमि में जाते हैं तो अपने सामने पितामह और सगे संबंधियों को देखकर विचलित हो जाते हैं। तब भगवान श्री कृष्ण उन्हें सही ज्ञान देते हैं। श्री कृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं कि हे पार्थ ये युद्ध धर्म और अधर्म के मध्य है। इसलिए अपने शस्त्र उठाओ और धर्म की स्थापना करो। भगवान श्री कृष्ण धर्म के मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैंउन्होंने कहा कि गीता में कहा गया है कि क्रोध से भ्रम उत्पन्न होता है , भ्रमित मनुष्य अपने मार्ग से भटक जाता है। जिसके कारण मनुष्य का पतन हो जाता है। इसलिए हमें अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना चाहिए।आचार्य प्रशान्त ने कहा कि गीता में भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि मनुष्य को उसके द्वारा किए गए कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। इसलिए मनुष्य को सदैव सत्कर्म करने चाहिए। गीता में कही गई इन बातों को प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि आत्म मंथन करके स्वयं को पहचानो क्योंकि जब स्वयं को पहचानोगे तभी क्षमता का आंकलन कर पाओगे। ज्ञान रूपी तलवार से अज्ञान को काट कर अलग कर देना चाहिए। जब व्यक्ति अपनी क्षमता का आंकलन कर लेता है तभी उसका उद्धार हो पाता है। उन्होंने कहा कि विकल्प हमारे पास हमेशा मौजूद रहते हैं लेकिन उन विकल्पों का इस्तेमाल हम अपने अन्धेपन से कर लेते है जिससे हमें निराशा हाथ लगती है गीता आत्मा का बीज है बीज में मिट्टी का आवरण जरूरी है तभी वह अंकुरित हो पायेगा। उन्होंने कहा कि कर्म तो मनुष्य को करना ही पड़ेगा अगर बाहर से नही किया तो वह भीतर से गतिमान रहता है भीतर का कर्म बहुत घातक होता है जो बाहरी कर्म को समझ गया वह मुक्त हो जाता है। गीता सत्र मे आचार्य प्रशान्त ने ऑनलाइन माध्यम से भी पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया।

# मेगामार्ट के बाहर से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन चोरों ने विगत रात्रि नैनीताल मार्ग पर विशाल मेगामार्ट के आगे खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ग्राम भगवानपुर कोलड़िया, दानपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र सूर्य नारायण सिंह ने कहा है कि 8 मई को उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एआर 8955 को नैनीताल मार्ग पर विशाल मेगा मार्ट के बाहर खड़ी की थी। देर सायं जब वह बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल मौके से नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद भी मोटर साईकिल का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 में क्रमांक 364 पर श्रीमती सत्या देवी पत्नी श्री श्यामलाल का नाम अंकित है। जिसको दाननामा के आधार पर अपने पौत्र श्री आदित्य कुमार सुखीजा पुत्र श्री संजीव कुमार सुखीजा निवासी वार्ड नं० 10 को प्राप्त जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद- मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊसिंन**

# टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में ट्रक और डंपर की भीषण टक्कर

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में तिराहे पर बुधवार तड़के ट्रक से डंपर की भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में किसी प्रकार की कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं है लेकिन दोनों ही वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त



हुए और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह लगभग 5:00 बजे स्टेशन रोड से द्रुतगति से चले आ रहे पत्थरों से ओवरलोड डंपर संख्या यूपी 21सीटी/5043 की विपरीत दिशा से चले आ रहे ईंट से ओवरलोड ट्रक संख्या यूपी 38टी/6113 से मोड़ पर जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों ही वाहनों के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान दोनों वाहनों के चालक व परिचालक तो बच गए लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त किए और बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# जमीयत उलमा काशीपुर के जनरल सेक्रेटरी के भतीजे की मदीना में मौत

काशीपुर। उमराह करने सऊदी अरब गये अली अनवर एडवोकेट के भतीजे की अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक ने इसी वर्ष डीपीएस मुरादाबाद से इंटर की परीक्षा दी थी। बच्चे की मौत से परिवार में गम का माहौल है। इंतेकाल की खबर पाकर कुछ पारिवारिक सदस्य सऊदी के लिए रवाना हो गये हैं । जमीयत उलमा काशीपुर के जनरल सेक्रेटरी अली अनवर एडवोकेट के बड़े भाई जफर मलिक का मलिक एक्सपोर्ट्स के नाम से व्यवसाय है। वह 26 अप्रैल को पत्नी, दो बेटे अखलद मलिक (17) व अशहद मलिक एवं लड़की लुबाबा मलिक के साथ उमराह के लिए रवाना हुए थे। परिवार के सभी सदस्य शुक्रवार को मक्का से मदीना पहुंचे थे। अली अनवर एडवोकेट ने जानकारी दी है कि रविवार को अखलद मलिक ने मदीना स्थित मस्जिदे नब्वी में मगरिब की नमाज अदा की। इसके बाद अखलद की तबियत बिगड़नी शुरू हो गई। उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बड़े किंग फहद अस्पताल रैफर किया गया। और अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी अचानक मौत हो गई। वहां डॉक्टरों का मानना है कि अखलद के जिस्म के पार्ट्स ने काम करना बंद कर दिया था। इसलिए उसकी सेहत में सुधार नहीं हो पाया। इंतेकाल की खबर पर यहां से अखलद के ममेरे भाई जामेउल हुदा गलशहीद के मोहतमिम मौलाना ताहिर कासमी एवं जफर के भाई अतहर मलिक सऊदी के लिए रवाना हो गये हैं । मरहूम की कब्रिस्तान जन्नतुल बगी में तदफीन की जायेगी। सऊदी की पुलिस अखलद की मौत की वजह जानने में जुटी है अली अनवर एडवोकेट के भतीजे अखलद की डेडबॉडी मिलने मौत की वजह जानने के लिए की जाने वाली सभी औपचारिकताएं सम्पूर्ण होने के उपरांत ही मिल सकेगी।

# जनता की शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें : दीपक रावत

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री हैल्पलाईन पोर्टल 1905 की नई प्रणाली 2.0 का वर्चुअल शुभारम्भ किया। अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर आम जन मानस अपनी समस्यायें चौबीस घंटे कभी भी दर्ज करा सकते हैं। वीसी में मण्डलायुक्त दीपक रावत तथा जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने वीडियो बवदमितमदबपदह के माध्यम से मुख्यमंत्री हैल्पलाईन 1905 की वर्चुअल समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हैल्पलाईन 1905 के नये फीचर से आम जनता की समस्याओं के समाधान में पादर्शिता व समयबद्धता आयेगी। वहीं अधिकारियों की भी मानिटरिंग होगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री हैल्पलाईन में जनता के द्वारा जो भी शिकायत दर्ज की जाती है अधिकारी अपने स्तर पर ही निस्तारण कर सम्बन्धित शिकायतकर्ता को सूचित करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक माह मुख्यमंत्री हैल्पलाईन 1905 की समीक्षा कर शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आयुक्त दीपक रावत ने मण्डल में दर्ज मुख्यमंत्री हैल्पलाईन 1905 शिकायतों के बारे में बताया कि अधिकांश समस्याओं का समाधान निर्धारित समयावधि में किया जा रहा है जो अवशेष हैं उन्हें भी समयावधि में किया जायेगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री हैल्पलाईन में शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज करने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग के अधिकारी के मोबाइल नम्बर पर शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज शिकायत की सूचना स्वत: ही आ जाती है, इसलिए अधिकारी मुख्यमंत्री हैल्पलाईन की समस्या को गम्भीरता से समयावधि में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। वर्चुअल बैठक में अपर आयुक्त जीवन सिंह नगन्याल, संयुक्त निदेशक राजेन्द्र तिवारी मौजूद थे।

# अधिकारियों के नहीं पहुँचने से डीएम खफा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला टेलीकॉम समिति की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा अनुपस्थित रहने पर कडी नाराजगी जताई, वही अभियंता का वेतन आहरण रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून आने वाला है, संचार व्यवस्था दुरूस्त करना अति आवश्यक है, बीएसएलएन के छः नये टॉवरों के लिए विद्युत संयोजन होना है, ऐसे में अधिशासी अभियंता का बैठक में अनुपस्थित रहना खेदजनक है।जिलाधिकारी ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत जनपद में संचार व्यवस्थायें दुरूस्त रहे, इस हेतु उन्होंने उपजिलाधिकरियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के संचार टॉवरों में बैटरी, ईंधन आदि सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के लिए तहसीलदारों से जांच कराकर रिपोर्ट जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनपद में 50 बीएसएनएल टॉवर लगने है,सभी को भूमि उपलब्ध करा दी गई है, जिस पर बीएसएनएल के अधिकारी द्वारा बताया कि 13 विद्युत टॉवरों में कार्य प्रारंभ हो चुका है व 07 टॉवरों में कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 06 संचार



टॉवरों में विद्युत संयोजन होना है, जिसका आगणन 02 लाख तक का बनाने का अनुरोध पत्र अधि0अभि0 विद्युत को भेजा गया है। साथ ही बोरबलडा में विद्युत लाईन न होने से संचार टॉवर स्थापित नहीं हो पा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने बीएसएनएल को उरेडा से विद्युत संयोजन के लिए पत्र भेजे, साथ ही उन्होने उपजिलधिकारी कपकोट को उरेडा से वार्ता करने के निर्देश दिए।अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल ने बताया कि प्राइवेट संचार कंपनियों के 32 प्रार्थना पत्र रिन्यूअल व नये टॉवर लगाने की स्वीकृति के लिए प्राप्त हुए है,जिसमें से 12 को स्वीकृत दे दी गयी है, शेष 20 प्रार्थना पत्रों को उपनिबंधक कार्यालय में पंजीकरण कराने के लिए संबंधित कंपनियों को प्रत्यावर्तित किए गए है, जिसका आना अपेक्षित है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, उपजिलाधिकारी हरगिरि, मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक एसएस राणा, लोनिवि अभियंता आरपी उपाध्याय, ईडीएम रोहित बहुगुणा समेत बीएसएनएल के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# तानाशाही रवैये के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक होगा विरोध

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य की सदस्यता रद्द करने के आदेश होने के बाद,कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में रोष है, वही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्ता की हनक में विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं को कमजोर करने के उद्देश्य से प्रमुख नेताओं को गलत तरीके से फंसाकर उनका राजनीतिक कैरियर बर्बाद करने की चाल चली जा रही है। वही अब मामला शांत होने का नाम नहीं हले रहा है। जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ ने प्रदेश व केंद्र सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। लोकतंत्र के लिए इस तरह की परंपरा ठीक नहीं है।प्रदेश में केवल कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर गलत तरीके से फंसाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है, प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नवल किशोर टम्टा की अध्यक्षता में कार्यकर्ता मंगलवार को स्वराज भवन के महात्मा गांधी मूर्ति के समीप एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ छवि के



सदस्य हरीश ऐठानी की सदस्यता रद्द कर सरकार ने द्वैष भावना के साथ काम किया है। जिला पंचायत सदस्य चुनाव प्रक्रिया से बनाया जाता है, कोई भी सदस्य अपने मन से नहीं बनता है, उसे सरकार ने ऐठानी की सदस्यता रद कर बिचला दानपुर के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। क्षेत्र का जो विकास वह करा रहे थे उस पर भी ब्रेक लग गया है। क्षेत्र की जनता अब भाजपा को कतई माफ नहीं करेगी। विरोध में कार्यकर्ताओ ने धरना दिया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, हरीश त्रिकोटी, प्रकाश कोहली,भीम कुमार, चंचल राम,लक्ष्मण आर्या,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, रंजीत दास, राजेंद्र टंगड़िया, सुनील भंडारी,भीम कुमार,अर्जुन भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**सुशीला बलूनी को दी...** की ईश्वर से कामना की। सीएम ने कहा कि पृथक उत्तराखण्ड के निर्माण में श्रीमती सुशीला बलूनी के योगदान को सदैव याद रखा जायेगा। सीएम धामी के साथ ही इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने भी सुशीला बलूनी को श्रद्धांजलि दी। उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन महारा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने आज वरिष्ठतम राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष, लाखों लोगों की प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय सुशीला बलूनी जी के निधन पर उनके निवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस मौके पर महारा ने दिवंगत राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी को भावभनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बलूनी जी का जाना उत्तराखंड राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर बलूनी दीदी को अपने श्री चरणों में स्थान दे। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी और राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी का निधन मंगलवार शाम को हुआ। शाम को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें मैक्स अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल और वरिष्ठ राज्य आंदोलकारी रविंद्र जुगरान सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है। सुशीला बलूनी ने अपनी सामाजिक एवं राजनीतिक यात्रा में एक बेहतरीन पारी खेली है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने दिवंगत राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी को श्रद्धांजलि देते हुए शोक संदेश में कहा कि श्रीमती सुशीला बलूनी, उत्तराखंड राज्य आंदोलन की शीर्षस्थ नेता, प्रेरणा स्रोत, एक अद्भुत समाज नेत्री, वात्सल्य ममत्व से भरपूर व्यक्तित्व हम लोगों के बीच में नहीं रही, सुशीला जी आप आंदोलन की शक्तियों को ही नहीं विकास व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी हमेशा याद आती रहेंगी। भगवान आपकी आत्मा को शांति दें और आपके कुटुंबीजनों को इस महान दु:ख को सहने की शक्ति दें, मैं सभी आपके विशाल सामाजिक परिवार जिसमें राज्य आंदोलनकारी भी सम्मिलित हैं, उन सब तक अपनी संवेदनाएं प्रेषित करता हूं। बता दें कि वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी लंबे समय से बीमार चल रहीं थी। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुशीला बलूनी (84 वर्षीय) का निधन हो गया। मंगलवार शाम छह बजे घर पर अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए मैक्स अस्पताल ले गए थे। जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी पिछले तीन साल से अस्वस्थ चल रही थीं। परिजनों के मुताबिक पिछले साल जुलाई में उन्हें हार्ट संबंधी समस्या के चलते स्टंट डला था। बलूनी के तीन पुत्र विनय बलूनी, संजय बलूनी और विजय बलूनी और एक बेटी शशि बहुगुणा है। एडवोकेट सुशीला बलूनी 1980 के समय से हेमवती नंदन बहुगुणा के पौड़ी गढ़वाल लोक सभा चुनाव से राजनीति में सक्रिय रहीं और बहुगुणा के प्रबल समर्थकों में से थीं। वह उत्तराखंड क्रांति दल में भी लम्बे समय तक रहीं। उनकी उत्तराखंड पृथक राज्य निर्माण आंदोलन में अहम भूमिका रही। उन्होंने देहरादून मेयर का चुनाव भी लड़ा और त्रिकोणीय संघर्ष में बहुत अच्छे वोट हासिल किए, लेकिन चुनाव नहीं जीत पाईं। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गई थीं। वह उत्तराखंड आंदोलनकारी सम्मान परिषद की अध्यक्ष और उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष भी रहीं। उनकी छवि एक जुझारू, संघर्षशील और ईमानदार महिला नेत्री के रूप में रही। उन्हें उत्तराखंड में ताईजी के रूप में भी जाना जाता रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी सुशीला बलूनी के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। सीएम ने कहा, पृथक उत्तराखंड के निर्माण में सुशीला बलूनी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भी उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा, राज्य आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि वह राज्य आंदोलन की सशक्त पक्षकार थीं, जो पृथक राज्य आंदोलन के दौरान कई बार जेल गईं।

**24 घंटे से धरने पर....** चीनी मिल के बाहर दिन रात का धरना प्रदर्शन कर रही है। वहीं पूर्व सीएम हरदा ने राज्य सरकार से गन्ना किसानों का शीघ्र बकाया भुगतान करने की मांग की। उन्होंने कहा है कि सत्ता के सामने हमने कुछ सुझाव रखे हैं। उन्हें पूरा भरोसा है अनुभवी जिलाधिकारी, उत्साही गन्ना मंत्री और सहृदय मुख्यमंत्री इन सुझावों के अनुसार एक लगभग असंभव से हो चुके कर्ज को जो चीनी मिल के ऊपर किसानों का चढ़ गया है, उसको उतारने का फैसला लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उसके लिए एक नहीं कई कदम एक साथ उठाएंगे। ताकि ये चीनी मिल भी बचें और किसानों का जो गन्ने का बकाया है, वो बकाया भी किसानों के खातों में आएं।कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत के हरिद्वार पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद हरदा ने इकबालपुर की चीनी मिल के बाहर धरना प्रदर्शन किया। चीनी मिल के बाहर धरना प्रदर्शन अब भी जारी है। हरीश रावत के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्व निधार्रित कार्यक्रम के तहत हरीश रावत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गये वहीं पूर्व सीएम हरदा रातभर धरने में डटे रहे। उन्होंने रात्रि में धरनाथल पर ही कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया और मच्छरदानी लगाकर रात काटी। सुबह हेंडपंप के पानी से स्थन करने के बादधरना स्थल पर योगा और पूजापाठ करते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ,विधायक वीरेंद्र जाति,फारुख अहमद , ममता राकेश, हरीश धामी , रवि बहादुर, अनुपमा रावत , वैभव वालिया , विकास नेगी ,हेमा पुरोहित ,राजेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

**लाखों के टायर...** गिरोह की गिरफ्तारी व बरामगी मे लगी टीम द्वारा तीन पानी तिराहे के पास मुखबिर की सूचना मिलने पर मलिक कालोनी मे तस्लीम खान के खाली प्लाट से थाना पुलभट्टा से गये 6 टायर, थाना किच्छा से गये 6 टावर व थाना रूद्रपुर से गये 4 छोटे टायर कुल तीनों घटनाओं के 16 टायर कीमत लगभग 8 लाख रूपये बरामद किये। उन्होंने बताया घटना स्थल से ही तीनों अभियुक्तों राहुल शर्मा पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी गली नं09 रामपुर रोड सरगम टाकीज के पास थाना हल्दानी जिला नैनीताल हाल निवासी आवास विकास रूद्रपुर, सलमान उर्फ सुलेमान निवासी बघौरी सितारगंज थाना सितारगंज तथा मनोज गावा पुत्र केवल सिंह निवासी भैसिया गदरपुर हाल दुकानदार ग्रीन रेफ्रजिरेशन आरआर क्वाटर भगत सिंह चौक रूद्रपुर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से कुल 6 ाज्ड कार्ड बरामद हुए है इनके द्वारा रूद्रपुर, किच्छा, पुलभट्टा के अलावा हल्द्वानी व उसके आस पास के स्थानो में एसी अन्य घटनाए करना भी कबूला है। मनोज गावा की भगत सिंह चौक पर एसी रिपेयर की दुकान है। सलमान उर्फ सुलेमान उसके यहाँ काम करता था । राहुल शर्मा अपना परिवार छोडकर आवास विकास रुद्रपुर में एक महिला के साथ लिव-इन में रहता है तथा नशा करने का आदि है उसी महिला के घर एक कार्यक्रम में राहुल शर्मा व सलमान की मुलाकात हुयी। उसके बाद ही इन्होने मिलकर फरवरी 2023 यह काम शुरू कर दिया। एस एस पी ने बताया कि राहुल शर्मा और सलमान ठगी कर टायर लाते है मनोज गावा उन टायरों को आगे विकवाता है। 15 अप्रैल को बगवाड़ा भट्टा रुद्रपुर से योगेश कुमार खुराना से 4 टायर छोटे ठगकर ले जाना तथा 28 अप्रैल को एचपी पेट्रोल पम्प पुलभट्टा के पास से 6 टायर ठग कर ले जाना तथा 24 मार्च को दरऊ चौक स्थित नूर टायर से 6 टायर नाम बदलकर ठग कर ले जाना की बात कबूली। राहुल शर्मा उपरोक्त पूर्व में थाना हल्दानी से एक मामले में जेल जा चुका है।

**महिला ने फांसी..** आवाज सुनकर उसके परिजनों एवं आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। कविता को फांसी के फंदे पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को फांसी से नीचे उतारा। घटना की सूचना पर पहुंचे कोतवाल सितारगंज बीएस बेंजवाल भी मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी ली । बताया जाता है कि मृतका का पति दिलीप सिडकुल में दिहाड़ी मजदूरी करने गया था । मामले की जानकारी मिलने पर वह घर पहुंचा। मृतका के पति दिलीप ने बताया उसकी पत्नी बैकुंठपुर अपने मायके में थी सोमवार शाम करीब चार बजे घर पहुंची। उसने बताया कि मंगलवार सुबह कविता ने खाना बनाया। जिसके बाद खाना लेकर वह सिडकुल में मजदूरी करने गया था। जानकारी के अनुसार दिलीप की पहले भी शादी हो चुकी है । करीब 5 वर्ष पूर्व उसकी पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई। जिसके बाद करीब 4 वर्ष पूर्व बैकुंठपुर निवासी सुभाष मंडल की पुत्री कविता से दिलीप की शादी हुई थी। कोतवाल सितारगंज बीएस बेंजवाल ने बताया घटना की जांच की जा रही है। सूचना पर एसपी मनोज कुमार कत्याल ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटना के संबंध मे मृतका के पति से पूछताछ की।

**अवैध स्टाटर हाउस...** स्लाटर हाउस के निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां देखा गया कि अवैध रूप से स्लाटर हाउस को संचालित किया जा रहा था जिसे पुन: एक बार फिर सील कर दिया गया है अधिशासी अधिकारी ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार पालिका द्वारा बड़ा/ मीट स्लाइडर हाउस के लाइसेंस पूर्व में ही बंद कर दिए गए हैं इस दौरान सीताराम सिंह चौहान, अशोक कुमार बांगा, मुकेश कुमार, तौफीक, अरुण कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


CONSTRUCTING HAPPINESS
GABA HOUSING
PVT. LTD.
PROJECT
APPROVED
PROJECT
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
साईट ऑफिस
शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास,
रुद्रपुर
86501-18000